आज कल के समकालीन समाज में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और निर्णायक बन चुकी है| युवा न केवल देश की उर्जा और शक्ति का प्रतीक हैं ,बल्कि वे परिवर्तन और नवाचार के प्रमुख वाहक भी हैं| सृजनात्मक अभिव्यक्ति प्रत्येक मनुष्य में जन्मजात होती है| अंतर केवल यह है कि कोई इसे अपने भीतर महसूस कर, व्यक्त करता है,कोई टिप्पण करके| सृजनात्मक अभिव्यक्ति इंसान को छितिज की कल्पना करने में मजबूर करता है,एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र के लिए, प्रत्येक मनुष्य की अभिव्यक्ति उनके विचारों के अनुसार भिन्न होती है| सृजनात्मकता वास्तव में एक कला है, जो दिन प्रतिदिन उत्पन्न होती है नए विचारों के साथ जैसे गुलदस्ता होता है,उसमे विभिन्न प्रकार के फूल होते हैं, रंग-बिरंगे उसी प्रकार जब हम अपने उद्गारों को व्यक्त करते हैं तो वह भी कुछ ऐसे मनमोहक होते हैं| इतना ही नहीं जब हम दिल से महसूस करते हैं, तो सुगंध की अभियक्ति भी उत्पन्न होती है| कुछ ऐसे-ऐसे ही चरित्र का स्वबोध उत्पन्न होता है|

हमारे प्रांगण कालिंदी महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका "प्रवाह" 2026 का सम्पादन करते हुए, हम अत्यंत गौरव महसूस कर रहे हैं, की हमारे महाविद्यालय में पत्रिका प्रकाशित हुई है है,जिसमे अत्यंत प्रेरणादायक रचनाएँ हमारे सहपाठी, छात्राएं व अध्यापको ने अपने रचना की अभियक्ति करी है, जो बहुत प्रशंसनीय करने योग्य है| जिसे आप सभी के समक्ष प्रस्तुत करने में हमे बहुत गौरव एवं प्रसन्नता हो रही है| सभी सहपाठी,छात्राओं एवं अध्यापको की स्वयं की रचनाएँ हैं, जिसका मुख्य विषय ("समकालीन समाज में युवाओं की भूमिका") हैं|

इस मुख्य विषय के अंतर्गत तीन महत्पूर्ण विषयों पर अभियक्ति की गई,विशेषकर तकनीक और प्रगति,राष्ट्र निर्माण तथा ज्ञान प्रणालियों के संदर्भ में|अतः स्पष्ट हैं की तकनीक और प्रगति, राष्ट्र निर्माण तथा ज्ञान प्रणालियाँ—इन तीनों क्षेत्रों में युवा वर्ग की भूमिका केंद्रीय और निर्णायक है। संतुलित और प्रगतिशील समाज का निर्माण करते हैं। यदि इन तीनों संदर्भों में युवाओं को उचित मार्गदर्शन और अवसर मिलें, तो वे भारत को एक सशक्त बना सकते हैं @विकसित भारत 2047| इसलियें हम सभी को शुभकामनाएं देते हैं, की सभी जो भी यह पत्रिका पढ़ रहे हैं, वह भारत को आगे ले जाने का प्रयास करे और तकनीक को भी जाने|

मेरा अनुरोध है,सबसे की सभी कुछ न कुछ अभियक्ति अवश्य करने का प्रयास करे उससे आप सभी का विकास होगा और नए विचार उत्पन्न होंगे और हर वर्ष पत्रिका में अपनी रचनाओ को व्यक्त करे|

(सम्पादक)

अनन्या शर्मा

स्मृति प्रियदर्शिनी

ममता

कोमल

अनुक्रम

शीर्षक		**पृष्ठ संख्या**
तकनीक और प्रगति(कविता)	अनन्या शर्मा	62
भारत:अखंडता और एकता	निधि झा	64
" स्त्री "		68
तकनीक और प्रकृति: एक सेतु		70
सहेली(कविता)		72
एक ख्वाब(कविता)		73
वो लड़की(कविता)		74
राष्ट्र निर्माण(कविता)	मान्या रत्नाकर	76
ज्ञान डिग्री से आगे	नोर्सामा अंसारी	78
एक नई सुबह।	दिशा	81
शीर्षक: हाँ, वो माँ ही है	दिशा	82
" डर "	ममता	83
चित्रकारी	कानन , वंशिका जिंदल	85
फ़िल्म समीक्षा :- स्वदेस (Swades)	कोमल	87

तकनीक और प्रगति

तकनीक की उड़ान है, पहले ये आसमान थे,

वो ज़माने भी गुज़र गए जहाँ किताबों से सम्मान था|

किताबें झाकतीं हैं, बंद अलमारी के शीशे से

बड़ी हसरत सी तकती है,अब प्रगति से|

अब महीनो मुलाकात नहीं होती,कलम नहीं उठती|

प्रगति इतनी होने लगी की,रिश्तें भी अब ख़तम होने लगे|

एक ज़माना था जब, लोग पूछते थे ऐ-मुसाफ़िर कैसे हो,

अब तो प्रगति पूछती है की कैसे हो|

बटन दबते ही अब, दुनिया पास आती है,
दूरियों की हर दीवार, खुद ही ढह जाती है।

मशीनों की रफ्तार से, काम सब आसान हैं,
पर इसके साथ जुड़े, कुछ छोटे अरमान हैं।

तकनीक है साधन बस, लक्ष्य नहीं हमारा,
मानवता के संग ही, उज्ज्वल हो भविष्य सारा।

ज्ञान का भंडार अब, हाथों में समाया है,
छोटा सा ये मोबाइल, जग सारा दिखाया है।

प्रकृति की भी पुकार है, उसे न हम भुलाएँ,
विकास की इस दौड़ में, संतुलन भी बनाएँ।

तकनीक और प्रगति के आगे किताबों को भी झाक लो,

क्योंकि कल कल किताबें भी सीक के परदे के पीछे न छुप जाएँ||

- अनन्या शर्मा

तीसरा साल

(बी.ऐ प्रोग्राम इतिहास+अर्थशास्त्र)

भारतः अखंडता और एकता

प्रातःकाल की दीप्त ज्वाला है, विष-अमृत का प्याला है,

ये भारत है यारों... यहाँ की हर बात शीतल ज्वाला है।

दस हजार साल का इतिहास अपने गर्भ में लिए,

भारत माँ हर रोज मुस्काती है।

"मैं उत्तर से दक्षिण तक संपूर्ण हूँ",

ये अपने वीरों की गाथा से बताती है।

ऋग्वेद की ऋचा हो या गीता का हो ज्ञान,

यहाँ हर एक पन्ना है हमारे सुनहरे अतीत का व्याख्यान।

वो कुरुक्षेत्र हो, वो हल्दीघाटी हो या हो सिंधु घाटी,

यहाँ तो हर एक कहानी बाँचती है माटी।

विष पीकर विश्व कल्याण,

अधर्म पर धर्म का बाण,

रणभूमि का विस्तृत ज्ञान।

खंडित है ये, मगर है ये सर्वमान।

मिट्टी से लेकर पत्थर तक,

पेड़ से लेकर नदियाँ तक,

माँ के रूप में मानी जाती है।

भारत माँ अपने आँचल में

ना जाने कितने ममत्व को दिखलाती है।

तक्षशिला के पुत्र ने शिखा खोल,

इसे अखंड किया।

बिहार से बलूचिस्तान और कश्मीर से गंधार तक,

चाणक्य और चन्द्रगुप्त ने इसका मापदंड किया।

एक पुत्र ने तक्षशिला से ईरान तक सीमा खींची,

और ये विस्तार देख विश्व ने अपनी आँखें मींची।

विस्तृत रंग, विस्तृत रूप,

लग रही थी भारत माँ कितनी अनूप।

एक हाथ में चमकती तलवार,

दूसरे में बुद्ध की वाणी और व्यवहार।

और फिर कुछ ऐसा हुआ...

कि ये चमक बहुत दिन तक विश्व सह नहीं पाया,

और फिर भारत माँ का वो रूप वैसा रह नहीं पाया।

सिकंदर से लेकर मंगोल तक इसे लूट रहे थे,

भारत माँ के वो आभा के शिखर टूट रहे थे।

यूनानी इतिहास के अनुसार सिकंदर जीता,

मगर खाली हाथ लौटा।

भारत को जीतने आया सिकंदर...

पोरस के रहते हुए पार नहीं कर पाया।

भारत के वीरता का बवंडर।

खून की रवानी तो उस समय ही बढ़ जाती है,

जब भगत की कहानी जेहन में उतारी जाती है।

उस दूधमुँहे बच्चे को ले भारत की बेटी भी जानी जाती है,

वो लक्ष्मीबाई थी,

जो कंगन पहनकर तलवार चलाने पर इतिहास में बताई जाती है।

भले ही बिखड़ी लटों में,

अब्दुल कलाम दिल में अजान और जुबान से गीता का ज्ञान देते थे।

या अटल की वो बात,

जो ना जाने कितनों के बदल देते थे जज़्बात।

कई रंग से रंगा ये भारत,

कई रूप से सजा ये भारत।

सबको लेकर चला ये भारत,

धर्मगुरु को जना ये भारत।

चटक रंग का आँचल है,

गंगा सा ये निर्मल है।

ये भारत है...

यहाँ सब एक-दूसरे के बल हैं।

यहाँ हिजाब में दिवाली,

पगड़ी में मनाते हैं शाम ईद वाली।

जुबान "वाहे गुरुजी दा खालसा" वाली,

चूमती है चौखट गिरिजाघर वाली।

उत्तर से लेकर दक्षिण तक फैली है इसमें अनेक विविधता,

चटक रंग सी सजी सभ्यता,

लाती है हर बोली में भावुकता।

मगर बनी है इसमें निरंतर

एकता और अखंडता।

यह भारत माँ की चूनर है जनाब,

जो इसे बनाती है विश्व में खास।

— निधि झा

" स्त्री "

इस दुनिया में दुख, जीवन से उस बरगद पे लटके झूले के भाँति जुड़ा है,

जो बेजुबाँ स्त्रियों के खिलखिलाने का एकलौता प्रमाण है।

ये दुख काफी करीब है तुम्हारे।

कभी फिसल जाता है तुम्हारी हथेली से, तंबाकू घिसते वक्त,

तो कभी फँस जाता है माथे की लकीरों में।

कभी धुल जाता है तुम्हारे केशों से,

तो कभी रह जाता है चाय के दाग सा सफेद पर।

दूर या पास, बाहर या अंदर,

यह दुख तुम्हारा है,

तुम्हारे साथ ही रहता है।

तुम्हारी झुकती कमर पर बैठा रहता है,

आँखों के पानी में बहता रहता है।

कभी खिलाता, तो कभी तुम्हारे अंगों से कहता रहता है,

पर तुमसे प्रेम करता है।

थोड़ा सहमा सा, डरा सा,

तुम्हारी पसलियों की हड्डियों में लिपटा रहता है।

ढूँढता है उस दिल को,

जो शायद कहीं खो गया और किसी को ना मिला।

सोचता रहता है नए तरीके,

जिससे जा पाए ये भी उस बक्से के अंदर,

जो तुम्हारे हृदय के स्थान पर बैठा रहता है।

वो काला बक्सा,

जो जंग से लाल हो गया,

वह खुल नहीं पाता,

और तुम्हारा दुख तुम्हारी पसलियों में लिपटा

देखता रहता है, इंतज़ार करता है उस दिन का—

जब उसका प्रेम

तुम्हारे इस हृदय-रूपी बक्से को खोल देगा।

उस दिन वह अलविदा कह देगा,

तुम्हारी आँखों से,

तुम्हारे दिनों से,

तुम्हारी हथेलियों की लकीरों से।

उस दिन छोड़ देगा वह तुम्हारी पसलियाँ,

और ले आएगा वापस तुम्हारा लाल हृदय।

तुम्हें छोड़ देगा तुम्हारा दुख,

तुम्हें छोड़ देगा तुम्हारा दुख।

तकनीक और प्रकृति: एक सेतु

नीले अंबर के नीचे, हरी धरा मुस्काती है,

तकनीक की बाहों में, नई सुबह नज़र आती है।

मशीनों का शोर है, और तारों का जाल है,

पर प्रकृति की गोदी में, सुकून का अहसास है।

कल-कल बहती नदियाँ, अब ऊर्जा बन जाती हैं,

तकनीक के संग मिलकर, रोशनी घर लाती हैं।

उन्नत खेती के तरीकों ने अन्न का भंडार बढ़ाया,

पर मिट्टी की सोंधी खुशबू को फिर भी याद कराया।

स्मार्टफोन की दुनिया में हम पास आ गए हैं,

प्रकृति से थोड़े से दूर चले गए हैं।

याद रखें—

तकनीक साधन है, पर प्रकृति जीवन है,

दोनों का संतुलन ही सच्चे विकास का गमन है।

तारों-मशीनों के बीच एक फूल भी खिलाएँ,

तकनीक के साथ-साथ प्रकृति को भी बचाएँ।

इस संगम से एक नया सुनहरा सवेरा लाएँगे,

तकनीक और प्रकृति के सेतु को और सुदृढ़ बनाएँगे।

सहेली

एक लड़का था, चला अनजाने था,

झुलसती गर्मी थी, अकेला रास्ता था।

सुनसान सी सड़क थी और दो अजनबी थे,

किसी ने सोचा था, इनकी भी दास्तान जुड़ी थी।

दो अजनबी थे जिनकी राहें एक थीं,

फिर भी वो एक-दूसरे से बिल्कुल अनजान थे।

उन्हें क्या पता, वो दोनों राहें थीं, वही हँसी थीं,

जो उन्हें साथ मिलने की कड़ी में थीं।

एक पल भी नहीं लगा उस अजनबी को

अपनी सहेली बनाने में,

थोड़ी मासूम, थोड़ी नादान है,

फिर भी मेरे लिए हमेशा बोलती है।

क्योंकि अब वो अजनबी एक सहेली थी,

जिनकी राहें एक थीं, जिनकी मंज़िल एक थी।

इसलिए वो दोस्ती की डोर से बंधी थी,

क्योंकि वो सहेली थी... बस सहेली थी।

जीनत

बी.ए. प्रोग्राम

25501087

एक ख्वाब

एक ख्वाब जिसके लिए चली मैं,

एक ख्वाब जिसके लिए उड़ी मैं।

एक ख्वाब जिसके लिए रात-दिन एक था,

जिसे पाने के लिए दिल भी उत्सुक था।

यह वही ख्वाब था जिससे जिंदगी बदल सकती थी,

हर अधूरे सपनों को पूरा किया जा सकता था।

यह ख्वाब मेरे माता-पिता का सपना था,

इसलिए यह मेरा अपना ही नहीं — अभिमान भी था।

एक ख्वाब जिसके लिए घर छोड़ चली मैं,

एक ख्वाब जिसके लिए दूर हुए अपने लोग।

पर अब यह ख्वाब सिर्फ ख्वाब नहीं,

मेरी जीत, मेरी मंजिल, मेरी उड़ान है।

जीनत

बी.ए. प्रोग्राम

25501087

वो लड़की

आत्मविश्वास और सहनशीलता का पिटारा है,

संस्कारों और संस्कृतियों का बसेरा है।

सबका सम्मान उसका स्वभाव है,

सबकी परवाह करना उसका व्यवहार है।

सबको साथ लेकर चलती है,

सबकी मुस्कान के लिए हर दर्द सहती है।

खुद से पहले सबके बारे में सोचती है,

अपनी खुशियों को अक्सर पीछे छोड़ती है।

बुरे वक्त में खुद को संभालती है,

दुनिया की नजरों में शायद वह कमजोर है।

क्योंकि वह लड़की चुपचाप सब सह जाती है,

पर वक्त आने पर आवाज भी उठाती है।

वह सिर्फ एक लड़की नहीं,

एक हिम्मत, एक पहचान है,

खुद के सपनों की किरण है,

उसकी एक अलग ही उड़ान है।

भूमि सिंह

बी.ए. प्रोग्राम

25501052

राष्ट्र निर्माण

राष्ट्र कोई केवल सीमा का नाम नहीं,
यह जन-जन की आशाओं का धाम है।
हर हृदय में जो जलती है उज्ज्वल लौ,
वही राष्ट्र की असली पहचान है।

ईंटों से नहीं, विचारों से बनता है देश,
त्याग और परिश्रम से सजता है परिवेश।
युवाओं के सपनों में जो उड़ान है,
वही कल के भारत की नई पहचान है।

जब हाथों में मेहनत और मन में विश्वास हो,
हर दिशा में प्रगति का आभास हो,
शिक्षा, संस्कृति और नैतिकता का मेल,
तभी सशक्त बनेगा हमारा यह खेल।

भेदभाव की दीवारें जब टूट जाएँगी,
एकता की धाराएँ जब फूट जाएँगी,
तभी सच्चे अर्थों में होगा उत्थान,
और ऊँचा उठेगा अपना हिन्दुस्तान।

आओ मिलकर यह संकल्प उठाएँ,
राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान निभाएँ।
नव विचारों से भविष्य सँवारें,
भारत को विश्व में सर्वोच्च स्थान दिलाएँ।

— मान्या रत्नाकर

ज्ञान: डिग्री से आगे

किताबों के पन्नों में जो कैद है,
सिर्फ वही ज्ञान नहीं।
महज डिग्रियों का मिल जाना ही,
असली पहचान नहीं।

असली इल्म तो वह है,
जो सवालों को जन्म दे,
जो रटी-रटाई लकीरों से अलग,
नया कोई मोड़ दे।

कैंपस की धूप और लाइब्रेरी की खामोश हवा,
सिखाती है कि हर मुश्किल की समझ ही दवा।
यह सिर्फ थ्योरी और प्रैक्टिकल का मेल नहीं,
ज़िंदगी की शतरंज में यह कोई खेल नहीं।

ज्ञान वह मशाल है,
जो खुद को तराशना सिखाती है,
भीड़ में चलकर भी,
अपनी राह बनाना सिखाती है।

जब तक दिमाग खुला है,
तभी तक हम जवान हैं,
वरना बिना जिज्ञासा के,
हम सब केवल बेजान हैं।

शीर्षक: सपनों की उड़ान

छोटे-छोटे ख्वाब लिए,
दिल में एक अरमान लिए,

चल पड़ा हूँ उस राह पर,
जहाँ है मेरी पहचान लिए।

सुबह की पहली किरण के संग,
उम्मीदों का दीप जलाता हूँ,
हर अंधेरे को पीछे छोड़,
मैं आगे कदम बढ़ाता हूँ।

रास्ते में काँटे भी होंगे,
और तूफान भी आएँगे,
कभी थामेंगे हाथ मेरा,
कभी मुझे आज़माएँगे।

कभी गिरूँगा, कभी संभलूँगा,
कभी रुककर फिर चलूँगा,
हर ठोकर से सीख लेकर,
मैं खुद को और बदलूँगा।

थक जाऊँ जब इस सफर में,
मन थोड़ा घबराएगा,
तब याद करूँगा अपने सपनों को,
जो मुझे आगे बढ़ाएगा।

लोग कहेंगे “नामुमकिन है”,
रास्ता तेरा आसान नहीं,
पर मैं मुस्कुराकर कह दूँगा,
“मेरे इरादों में हार नहीं।“

हवा के संग उड़ना है मुझे,
आसमान को छू जाना है,

सीमाओं के उस पार जाकर,
अपना मुकाम बनाना है।

हर रात के बाद सवेरा है,
हर दर्द के बाद खुशी है,
जो खुद पर विश्वास रखे,
उसके लिए हर राह सही है।

मैं रुकने वालों में से नहीं,
मैं झुकने वालों में से नहीं,
मुश्किल चाहे जितनी आए,
मैं टूटने वालों में से नहीं।

सपनों की ये दुनिया,
मेरी पहचान बनेगी,
मेरी मेहनत, मेरा हौसला,
एक नई उड़ान बनेगी।

— Noorsama Ansari

एक नई सुबह

सूरज की पहली किरण ने
रात के ख्वाबों को जगाया।
अलार्म की जगह
चिड़ियों की चहचहाट ने उठाया।

हवा के झोंकों ने
पत्तों को कुछ महसूस कराया।
बारिश की बूंदों संग
मिट्टी ने किस्से सुनाया।

एक नई सुबह आई,
सिर्फ रोशनी ही नहीं,
एक नई उम्मीद भी लाई।

— @disha_

हाँ, वो माँ ही है

जो अपनी इच्छाओं को दफन कर
हमारे ख्वाब सजाती है,
वो माँ ही है
जो खुद को छोड़ हम सबके साथ मुस्कुराती है।

सबके खाने के बाद खाती है,
बिना कहे हर बात समझ जाती है।
सुबह चूड़ियों और पायल की आवाज़ में
जिम्मेदारियाँ वक्त बताती हैं।

हाँ, वो माँ ही है
जो हर पल याद आती है।

— @disha_

" डर "

डर डरकर जीना ।

डर से इतना डरना ।।

डर समझकर भी कुछ न करना ।

डर से शर्माना डर से बोल न पाना।।

डर के डर से आसमान को भूल

जाना ।

डर लगता है बोलना से।

डर लगता है दिल के राज खोलने से।।

डर लगता है राजनीति से ।

डर लगता है अपने पड़ोसी से।।

डर लगता है कानून से।

डर लगता है पागलपन के

जुनून से।।

डर से डर इतना लगता है।

सब कुछ मुझे बुरा दिखता है।।

डर को भगा नहीं पाती हूँ ।

डर से भागती जाती हूँ ।।

बोलने से हिचकिचाती हूँ ।

सब पर शक की नजर गड़ाती हूँ।।

डर , भविष्य की सोच से लगता है।

डर लगता है भूतकाल की बातों से।।

डर इतना लगता है कि समझ नहीं पाती हूँ की डर से क्या डर है ।

और क्यों इस डर ने लिया है ।।

मेरे मन में शरण है।

मुझे डर को डराना है।।

मुझे डर को भगाना है।

सबकोअपना हुनर दिखाना है।।

डर से भविष्य को , नहीं जीना है।

अब से डर का निकालना पसीना है।।

आगे बढ़ते रहना है।

डर को पीछे छोड़ देना है।।

ममता प्रजापति

तृतीय वर्ष

(हिन्दी विशेष)

चित्रकारी

मधुबनी चित्रकारी

अनन्या शर्मा

तीसरा साल

बी .ऐ .प्रोग्राम

(इतिहास+अर्थशास्त्र)





Vanshika jindal

फ़िल्म समीक्षा :- स्वदेस (Swades)



फ़िल्म शीर्षक – स्वदेस

निर्देशक – आशुतोष गोवारिकर.

निर्माता – शाहरुख खान, जूही चावला, अज़ीज़ मिर्ज़ा

मुख्य कलाकार – शाहरुख खान, गायत्री जोशी,

किशोरी बल्लाल, दयाशंकर पांडेय

शैली – सामाजिक और प्रेरणादायक नाटक

रिलीज़ तिथि – 17 दिसम्बर 2004

देश – भारत

मूल भाषा – हिन्दी

अवधि – 195 मिनट

बजट – लगभग 25 करोड़ रुपये

बॉक्स ऑफिस संग्रह – लगभग 34.64 करोड़ रुपये

फिल्म के कलाकार और उनके किरदार :-

शाहरुख खान :- शाहरुख खान ने इस फिल्म में मोहन भार्गव का किरदार निभाया है। मोहन नासा (NASA) में काम करने वाला एक प्रतिभाशाली वैज्ञानिक है। वह विदेश में सफल और आरामदायक जीवन जीता हैं।

गायत्री जोशी :- गायत्री जोशी ने गीता का किरदार निभाया है। गीता गाँव के स्कूल में एक शिक्षिका है। वह शिक्षा को बहुत महत्व देती है और चाहती है कि गाँव के सभी बच्चे पढ़ें और आगे बढ़ें।

किशोरी बल्लाल :- किशोरी बल्लाल ने कावेरी अम्मा का किरदार निभाया हैं। वह मोहन की बचपन मे देखभाल करती थी , मोहन इन्हे माँ के समान मानता हैं।

राजेश विवेक :- राजेश विवेक ने डाकिया का किरदार निभाया हैं। इन्होंने मोहन की काफी सहायता की हैं ।

प्रस्तावना :- स्वदेस हिंदी सिनेमा की एक बहुत ही प्रेरणादायक फिल्म है। यह फिल्म केवल मनोरंजन के लिए नहीं बनाई गई है, बल्कि यह समाज और देश के प्रति जिम्मेदारी का संदेश भी देती है। इस फिल्म में यह दिखाया गया है कि अगर कोई व्यक्ति अपने देश और समाज की समस्याओं को सुधारने का प्रयास करे, तो वह बड़ा बदलाव ला सकता है। फिल्म की कहानी एक ऐसे भारतीय युवक की है जो विदेश में एक सफल जीवन जीता है, लेकिन जब वह अपने देश लौटता है तो उसे गाँव की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। धीरे-धीरे उसे यह एहसास होता है कि अपने देश के विकास के लिए उसे भी कुछ करना चाहिए। यही विचार इस फिल्म को बहुत विशेष बनाती है।

फिल्म की कथा-वस्तु :- फिल्म की कहानी मोहन भार्गव से शुरू होती है जो अमेरिका के नासा में वैज्ञानिक का काम करता है। वह अपने काम में बहुत सफल है और उसका जीवन

बहुत आरामदायक है। एक दिन उसे अपनी बचपन की देखभाल करने वाली कावेरी अम्मा की याद आती है। वह उन्हें ढूँढने के लिए भारत आता है और एक छोटे से गाँव चरनपुर पहुँच जाता है। गाँव में रहने के दौरान वह वहाँ के लोगों के जीवन को करीब से देखता है। उसे पता चलता है कि गाँव में बिजली नहीं है, शिक्षा की कमी है और कई सामाजिक समस्याएँ (भेदभाव) मौजूद हैं। इन समस्याओं को देखकर मोहन के मन में बदलाव आता है। वह सोचता है कि वह अपने ज्ञान का उपयोग करे तो गाँव के लोगों की मदद कर सकता है। वह गीता के साथ मिलकर शिक्षा को बढ़ावा देता है । वह गाँव के लोगों को समझाता है कि शिक्षा बहुत ज़रूरी है। धीरे-धीरे गाँव के लोग अपनी सोच बदलते हैं और बच्चों को विद्यालय भेजने लगते हैं। इसके बाद वह गाँव में बिजली लाने के लिए एक छोटी जल-विद्युत परियोजना बनाता है। शुरुआत में कई मुश्किलें आती हैं, लेकिन धीरे-धीरे गाँव के लोग उसका साथ देने लगते हैं। अंत में उनकी मेहनत सफल होती है और गाँव में बिजली आ जाती है । यह घटना पूरे गाँव के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाती है। मोहन अंत में यह समझ जाता है कि असली संतोष अपने देश और समाज की सेवा में है, इसलिए वह नासा की नौकरी छोड़कर भारत में रहने और काम करने का निर्णय लेता है ।

निजी अनुभव :- इस फिल्म को देखने के बाद मुझे यह महसूस हुआ कि हमे भारत माँ से जुड़ा रहना चाहिए । फिल्म के कई दृश्य ऐसे हैं जो दर्शकों को भावुक कर देते हैं। विशेष रूप से वह दृश्य जब मोहन गाँव के लोगों की कठिनाइयों को समझता है और उनकी मदद करने का निर्णय लेता है। मुझे इस फिल्म की सबसे अच्छी बात यह लगी कि इसमें देशभक्ति को बहुत ही सरल और वास्तविक तरीके से प्रस्तुत किया गया है। यह फिल्म हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि अगर हर व्यक्ति अपने समाज के लिए थोड़ा-सा प्रयास करे तो बहुत बड़ा परिवर्तन ला सकते है। इसके साथ ही फ़िल्म यह सिखाती है कि अपनी जड़ों और संस्कृति से जुड़ा रहना चाहिए । आज के युवा तकनीक और ज्ञान का उपयोग करके समाज में बदलाव ला सकते हैं। राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है, जैसा कि मोहन ने उस गाँव के विकास में योगदान देकर दिखाया।

मेरी संस्तुति :- मैं इस फिल्म को सभी विद्यार्थियों और युवाओं को देखने की सलाह देती हूँ। यह फिल्म हमें यह सिखाती है कि शिक्षा और ज्ञान का उपयोग केवल अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं बल्कि समाज और देश के विकास के लिए भी किया जाना चाहिए। आज के समय में जब कई लोग विदेश में बसने का सपना देखते हैं, यह फिल्म हमें यह याद दिलाती है कि अपने देश की सेवा करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसलिए यह फिल्म विशेष रूप से युवाओं के लिए प्रेरणादायक है।

फिल्म का मूल्यांकन :- यदि इस फिल्म का मूल्यांकन किया जाए तो यह एक अर्थपूर्ण फिल्म है। फिल्म की कहानी बहुत सरल होते हुए भी गहरा संदेश देती है। शाहरुख खान ने मोहन के किरदार को बहुत गंभीरता और सादगी के साथ निभाया है। निर्देशक आशुतोष गोवारिकर ने ग्रामीण जीवन को बहुत ही वास्तविक तरीके से प्रस्तुत किया है। फिल्म का संगीत और दृश्य भी कहानी को और प्रभावशाली बनाते हैं। फिल्म में मुख्य कलाकारों के अलावा गाँव के बुजुर्ग, बच्चे, किसान और अन्य ग्रामीण लोग शामिल हैं। खास बात यह है कि इनमें से कई लोग पेशेवर अभिनेता नहीं थे, फिर भी उन्होंने अपने किरदारों को बहुत अच्छे तरीके से निभाया है।

★★★★★(5/5)

समीक्षक: कोमल

पाठ्यक्रम :- बी.ए. (ऑनर्स) राजनीतिक विज्ञान

(द्वितीय वर्ष)

अनुक्रमांक :- 24527169

॥ श्री गणेशाय नमः ॥

संस्कृतस्य

अनुभागः

राष्ट्रोन्नत्यै सन्नद्धा युवान:

शिवांगी कुलश्रेष्ठ | स्नातकतृतीयवर्ष:

संपादकीयम्

भो पाठकाः,

सप्तचत्वारिंशदधिक द्विसहस्रतममब्दं यावत् अस्माकं भारतं राष्ट्रं विश्वसन्दर्भे विकसितं राष्ट्रं भवेदित्येतदर्थं भारतसर्वकारपक्षतः प्रयासः क्रियते। अस्य लक्ष्यस्य प्राप्त्यै सर्वैरेवनागरिकै: संघत्य प्रयास: करणीय:।

राष्ट्रस्य विकासे यूनां महती भूमिका परिलक्ष्यते यतोहि युवानः विद्यार्थिजीवने विभिन्नैर्ज्ञानमार्गै: यदि स्वोत्कर्षम् कृत्वा भविष्यति परिवारस्य समाजस्य देशस्य च उन्नत्यै सन्नद्धा भवन्ति चेत् देशः, विकासपथे अग्रसरो भवति यूनां कृते विद्याध्ययनस्य परिपूर्णताकाले 'सत्यं वद' 'धर्मं चर' 'स्वाध्यायान् मा प्रमदः' इत्येवमादिरूपेण ये आदर्शा: उपदिश्यन्ते तान् पालयन्तो युवानः सत्यम्, ऋतम्, दीक्षा, उग्रन्तपः, ब्रह्म, यज्ञः ,अर्थादुत्तमम् कर्म इत्येवं रुपेण ये गुणा निर्दिष्टास्तान् पालयन्त: राष्ट्रध्वजमुत्तोलयन्तः राष्ट्रमुन्नतिपथे नयन्ति । राष्ट्रनिर्माणाय युवानः आधुनिक- विज्ञानानाम् आर्टिफीशियल इन्टेलिजेंसमाध्यमेन उपयोगं कृत्वा देशस्य उन्नत्यै समर्था भवेयुः।

विभिन्नासु भाषासु उपनिबद्धस्य ज्ञानस्य अनुवादादिद्वारा सर्वसुलभताम् विधाय देशस्य विकासः कर्तुं शक्यते तदर्थं सर्वैरेव संघत्य प्रयासः कर्त्तव्य:।

धन्यवादा:

मुस्कान चौबे (स्नातक- तृतीय-वर्ष:)

शगुन सिंह (स्नातक- तृतीय-वर्ष:)

अंजलि राजवंशी (स्नातक- तृतीय-वर्ष:)



अर्चना कुमारी स्नातक(संस्कृत) द्वितीय वर्ष

विषयानुक्रमणिका

क.	समकालीनसमाजे यूनां योगदानम्	हर्षिता, स्नातक- चतुर्थ-वर्ष:	96
ख.	सामाजिकसमरसता	नियति मिश्रा, स्नातक- चतुर्थ -वर्ष:	97
ग.	कौटिल्यस्य सप्ताङ्गसिद्धान्तः	मुस्कान चौबे, स्नातक - तृतीय- वर्ष:	98
घ.	भारतीया ज्ञानप्रणालिका	पलक:, स्नातक- चतुर्थ- वर्ष:	101
ङ.	श्रीमद्भगवद्गीतायाः कर्मयोगः	शगुन सिंह, स्नातक- तृतीय- वर्ष:	102
च.	भारतीय-ज्ञान-परम्परायां योगसूत्रस्य महत्त्वम्	मुस्कान चौबे, स्नातक - तृतीय- वर्ष:	104
छ.	राष्ट्रनिर्माणस्य संदर्भे यूनां भूमिका	आरात्रिका गुप्ता, स्नातक- चतुर्थ-वर्ष:	105
ज.	योगसूत्रस्य भारतीयदर्शनेषु योगदानं	अंजलि राजवंशी, स्नातक- तृतीय- वर्ष:	106
झ.	स्वस्थजीवनशैल्यां यूनां योगदानम्	हर्षिता, स्नातक- चतुर्थ- वर्ष:	107

क. समकालीनसमाजे यूनां योगदानम्

युवा वर्गः कस्यापि राष्ट्रस्य अमूल्यः निधिः भवति। युवानः राष्ट्रस्य शक्तिः, ऊर्जा, आशा च सन्ति। समकालीनसमाजस्य विकासे युवानां योगदानम् अत्यन्तं महत्वपूर्णम् अस्ति।
अद्यतनकाले युवा वर्गः शिक्षाक्षेत्रे, विज्ञानक्षेत्रे, प्रौद्योगिकीक्षेत्रे, सामाजिकक्षेत्रे च महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहति। ते नवीनविचारैः, अनुसन्धानैः, नवोन्मेषैः च समाजस्य प्रगतेः मार्गं प्रशस्तं कुर्वन्ति। डिजिटलयुगे युवानः ज्ञानस्य प्रसारणे प्रमुखं कार्यं कुर्वन्ति।
युवानः सामाजिकपरिवर्तनस्य प्रेरकाः अपि सन्ति। ते पर्यावरणसंरक्षणे, शिक्षाप्रसारे, सामाजिकसमतायां, राष्ट्रनिर्माणे च सक्रियतया भागं गृह्णन्ति। स्वकौशलस्य उपयोगेन ते बेरोजगारी, अशिक्षा, दरिद्रता इत्यादीनां समस्याः न्यूनाः कर्तुं प्रयतन्ते।
न केवलं आर्थिकविकासे, अपितु सांस्कृतिकसंरक्षणे अपि युवानां योगदानं दृश्यते। ते भारतीयसंस्कृतेः परम्पराणां संरक्षणं कृत्वा आधुनिकतया सह तासां समन्वयं कुर्वन्ति।
अतः स्पष्टं यत् युवा वर्गः समाजस्य राष्ट्रस्य च उज्ज्वलभविष्यस्य निर्माता अस्ति। यदि युवाशक्तिः सद्मार्गे नियोजिता भवति, तर्हि राष्ट्रं सर्वतोमुखेन विकासं प्राप्नोति।

हर्षिता

स्नातक-चतुर्थ-वर्ष:

शिवांगी कुलश्रेष्ठ | स्नातकतृतीयवर्षः

ख. सामाजिकसमरसता

सामाजिकसमरसता समाजस्य स्थैर्यस्य विकासस्य च मूलाधारः अस्ति। यत्र समाजे सर्वे जनाः परस्परं प्रेम्णा, सम्मानभावेन, सहयोगेन च जीवनं यापयन्ति, तत्र सामाजिकसमरसता विद्यमाना भवति। समरसता नाम भेदभावरहितं सौहार्दपूर्णं सहअस्तित्वम्।

भारतीयसंस्कृतौ सामाजिकसमरसतायाः विशेषमहत्त्वं दृश्यते। प्राचीनग्रन्थेषु सर्वेषां समानतायाः भावः प्रतिपादितः अस्ति। ऋग्वेदे उक्तम्—

"संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।"(ऋग्वेद १०.१९१.२)

अस्य अर्थः अस्ति— सर्वे मिलित्वा गच्छन्तु, मिलित्वा वदन्तु, समानभावेन चिन्तनं कुर्वन्तु। एषः मन्त्रः सामाजिकएकतायाः समरसतायाः च संदेशं ददाति।

समकालीनसमाजे यूनां सामाजिकसमरसतास्थापने विशेषा भूमिका अस्ति। युवावर्गः शिक्षायाः, जागरूकतायाः, सामाजिकसेवायाः माध्यमेन भेदभावं निवारयितुं शक्नोति। डिजिटलमाध्यमेषु अपि ते एकता, शान्ति, बन्धुत्वस्य संदेशं प्रसारयन्ति।

सामाजिकसमरसता राष्ट्रस्य प्रगतेः आधारः अस्ति। यत्र समरसता अस्ति तत्र शान्तिः, विकासः, समृद्धिः च स्वयमेव भवति। अतः सर्वैः जनैः समानताभावः, सहकार्यभावः च स्वीकर्तव्यः।

अतः निष्कर्षरूपेण वक्तुं शक्यते यत् सामाजिकसमरसता एव सुदृढस्य सुखिनः च समाजस्य निर्माणस्य प्रमुखं साधनम् अस्ति।

नियति मिश्रा
स्नातक- चतुर्थ -वर्ष:

शिवांगी कुलश्रेष्ठ | स्नातकतृतीयवर्ष:

ग. कौटिल्यस्य सप्ताङ्गसिद्धान्तः

सप्ताङ्गं (Saptāṅgaṃ) इत्येतत् शब्दः सप्ताङ्गानि, अंशानि वा घटकानि दर्शयति। एते राज्यस्य निर्माणाय एकक रूपेण कार्यं कुर्वन्ति, यथा सप्ताङ्गानि रथस्य अंशानि सन्निविष्टानि सन्ति, ये एकस्मिन्नेव परस्परं सम्बन्धिनः परस्परस्य सेवायै उपयुज्यन्ते। कतिपय अर्थेषु प्राचीनग्रीकराजनीतिसिद्धान्तः अपि कौटिल्यस्य सप्ताङ्गसिद्धान्तस्य विवेचनम् उद्दीपयति। अर्थशास्त्रम् प्रथमं भारतीयग्रन्थं यः उक्तव्यम्, यत् राज्यं सप्त मूलभूतघटकैः निर्मितम् अस्ति। कौटिल्यस्य सप्ताङ्गसिद्धान्ते राज्यस्य व्याख्यायै सप्ताङ्गानि इति परस्परं सम्बन्धितानि तथा एकस्मिन्नेव प्रणालीमध्ये स्थितानि घटकाः (अङ्गाः वा प्रकृतयः) निर्दिष्टाः।
किञ्चित् परिवर्तनैः सह, एषः सिद्धान्तः स्वीकरितः, पश्चात् महाभारते, पुराणेषु, तथा धर्मशास्त्रेषु अपि दृश्यते।

राज्यस्य सप्त घटकाः:

- स्वामी – राजा
- अमात्यः – मन्त्रिणः
- जनपदः – क्षेत्रम्
- दुर्गः – किलाबद्धं राजधानी
- कोषः – वित्तसङ्ग्रहः
- दण्डः – न्यायः वा बलः
- मित्रः - सहयोगी

स्वामी

कौटिल्यस्य सप्ताङ्गसिद्धान्तः राजतन्त्रं आदर्शरूपेण गृहीतः अस्ति, यस्य सर्वाः शिक्षाः स्वामी-राज्ञि केन्द्रिताः सन्ति। कौटिल्यः मन्यते यत् स्वामिनः भाग्यं तस्य राज्ये जनसङ्ख्यया घनिष्ठरूपेण सम्बद्धम् अस्ति। यदि स्वामी उत्साही भविष्यति, तर्हि राज्यस्य प्रजा अपि उत्साही भविष्यति। परन्तु यदि सः मन्दः भविष्यति, तर्हि तस्य प्रजा अपि आलसी भविष्यति तथा राज्यस्य साधनानि नाशयिष्यन्ति। अतः कौटिल्यः सततम् सजगं, परिश्रमीं च बुद्धिमन्तं च स्वामिनं प्रेरयति।
अशोकस्य अभिलेखेषु स्वामी इत्यर्थः कौटिल्यस्य सप्ताङ्गसिद्धान्ते निर्दिष्टस्वामिना समो दृश्यते। लघु-शिलालेखानुसारं अशोकः मगधस्य स्वामिनः उपाधिं अवलम्बितवान्, या महाराज वा महाराजाधिराज इत्यादीनां परवर्ती युगस्य भव्य-उपाधीनां अपेक्षया अतीव विनम्रास्ति।

अमात्य

अमात्य इत्यस्य नाम उपयोगः सर्वेभ्यः वरिष्ठेभ्यः अधिकारीभ्यः, सलाहकारेभ्यः, विभागीय-कार्यकारी-प्रमुखेभ्यश्च सामूहिक-संज्ञायै क्रियते। ते कौटिल्यस्य सप्ताङ्गसिद्धान्तस्य महत्वपूर्णाः अङ्गाः सन्ति। अर्थशास्त्रे द्वे प्रकारे परामर्शदातृ-न्यायालययोः उल्लिखितम् –
मन्त्रपरिषद् – लघु-संवाद-समूहः, मन्त्रिणः इत्यादीनां।
कौटिल्यदत्तैः वेतन-संख्याभिः दृष्ट्वा पुरोहितस्य महत्त्वं निश्चितुं शक्यते।
कौटिल्येन निर्दिष्टं यत् –
मुख्यमन्त्रीः, पुरोहितः, सेनापति – 48,000 पणाः।
वित्तमन्त्रीः, मुख्य-शासकः – 24,000 पणाः।

जनपदः

एतत् साम्राज्यस्य परिसरे, अनुमतं क्षेत्रं च निर्दिशति। कौटिल्यस्य सप्ताङ्गसिद्धान्तः कृष्युत्पादनं आधृत्य स्वकर-आयस्य वृद्धये राज्येन नियुक्तानि विविधानि निवेशाः, पुरस्काराः च दण्डात्मकाः उपायाः च दर्शयति, याः जनपदात् लभ्यन्ते, या स्वामिनः कृते वित्तस्य महत्वपूर्णं स्रोतः आसीत्।

दुर्गः

किलाबद्ध-नगराणि राज्यस्य रक्षणाय आवश्यकाणि, यतः ते महत्वपूर्णसीमां क्षेत्राणि रक्षन्ति, आक्रमण-काले सुरक्षित आश्रय-स्थानरूपेण कार्यं कुर्वन्ति, तथा राज्यस्य मुख्य-प्रशासनिकं आर्थिक-केंद्राणां गृहाणि भवन्ति।
कौटिल्यस्य सप्ताङ्गसिद्धान्ते आदर्श-राज्ये विभिन्नप्रकारस्य दुर्गाणि सन्ति, यानि प्रत्यक्षं भौगोलिकं कार्यं कुर्वन्ति

कोषः

कौटिल्यस्य सप्ताङ्गसिद्धान्तः राज्यस्य सम्यक् कार्यसंपादनाय सप्त भिन्नभिन्न-अङ्गान् वा इकाइयाँ प्रतिपादयति। तेषां मध्ये एकः कोषः, यः शब्दार्थेन “राज्यस्य वित्तसंग्रहः” अथवा “वित्तीय-संसाधनम्” इति।
कौटिल्यः मन्यते यत् दृढस्य स्थिरस्य च राज्यस्य मुख्यं आवश्यकं कुशलं तथा सम्यक् प्रशासितं कोषः अस्ति। कोषः राज्यस्य वित्तं सङ्गृह्य कुशलतया सञ्चालयितुं सम्बन्धितः, यः सैनिक-प्रशासनाय, सार्वजनिक-कल्याणाय, आधारभूत-सुविधायाः निर्माणाय, अन्यसरकारी-कृत्येषु च व्ययाय प्रयुज्यते।

दण्डः

दण्डस्य अर्थः बलः वा न्यायः उभयतः भवेत्। कौटिल्यस्य सप्ताङ्गसिद्धान्ते धर्मस्थानां (न्यायाधीशानां) तथा प्रदेशत्रियाणां उल्लेखः अस्ति, यः न्यायव्यवस्थायाः गहनं वर्णनं करोति। अपराधेषु दण्डरूपेण दण्डनम्, अंगभङ्गः, मृत्युदण्डः च प्रयुज्यन्ते। कौटिल्यस्य मतानुसारं दण्डस्य निर्धारणम् केवलं अपराधस्य प्रकारे तथा गंभीरतायां न निर्भरति, किन्तु अपराधिनः वर्णे अपि निर्भरति।

कौटिल्यस्य सप्ताङ्गसिद्धान्ते समानं अपराधं कृते उच्चवर्णेभ्यः न्यूनं दण्डं आरक्षितम् आसीत्।

मित्रः

एषः शब्दः राजनैतिक-सहयोगिनः अथवा "राज्यस्य मित्राणि" इत्यर्थं दर्शयति। विजिगीषुः – संभाव्य विजेता – कौटिल्यस्य राजनीतौ केन्द्रे स्थितः।

कौटिल्यदत्तानुसारं नीति-रणनीतिपञ्जिका अनुसारं, परिस्थितेः अनुसारं स्वामी: –

*यदि शत्रुः शक्तिमान् अस्ति, तर्हि संधि (शान्तिसन्धि) कुर्यात्।

*यदि शत्रुः दुर्बलः अस्ति, तर्हि विग्रहः (शत्रुता) आरभेत।

*अन्य विकल्पः – शत्रु-शत्रुणा सह सैन्य-अभियानम् वा संयुक्त-आक्रमणम्।

मुस्कान चौबे
स्नातक- तृतीय- वर्ष:

शिवांगी कुलश्रेष्ठ | स्नातकतृतीयवर्षः

घ. भारतीया ज्ञानप्रणालिका

ज्ञानं मानवजीवनस्य मूलाधारः अस्ति। ज्ञानस्य माध्यमेन एव मनुष्यः स्वजीवनं समाजं च उन्नतिं नयति। ज्ञानस्य व्यवस्थितरूपं ज्ञानप्रणालिका इति कथ्यते। ज्ञानप्रणालिका मानवस्य अनुभवेन, चिन्तनेन, अनुसन्धाननेन च विकसिताभवति।

भारतीयपरम्परायां ज्ञानप्रणालिका अत्यन्तं समृद्धा आसीत्। वेदाः, उपनिषदः, पुराणानि, दर्शनशास्त्राणि, आयुर्वेदः, गणितशास्त्रं, ज्योतिषशास्त्रं च भारतीयज्ञानप्रणाल्याः प्रमुखाः आधाराः सन्ति। एतेषां माध्यमेन न केवलं आध्यात्मिकज्ञानं, अपितु वैज्ञानिकं सामाजिकं नैतिकं च ज्ञानं अपि प्रदत्तम्।

ज्ञानप्रणाली समाजस्य विकासे महत्वपूर्णां भूमिकां निर्वहति। सा मानवेषु विवेकं, नैतिकतां, कर्तव्यबोधं च जनयति। आधुनिककाले विज्ञान-प्रौद्योगिकी-शिक्षा-व्यवस्था च ज्ञानप्रणाल्याः नवीनरूपाणि सन्ति। एताभिः प्रणालीभिः समाजे नवोन्मेषः प्रगति च सम्भवति।

समकालीनसमाजे युवानः ज्ञानप्रणाल्याः प्रमुखवाहकाः सन्ति। युवाशक्तिः ज्ञानं स्वीकृत्य तस्य संरक्षणं विकासं च करोति। यदि युवा वर्गः ज्ञानसम्पन्नः भवति, तर्हि राष्ट्रस्य भविष्यं उज्ज्वलं भवति।

अतः आवश्यकं यत् वयं परम्परागतज्ञानं आधुनिकज्ञानं च समन्वयेन स्वीकुर्मः। ज्ञानप्रणाली मानवकल्याणस्य विश्वशान्तेः च प्रमुखं साधनम् अस्ति।

पलक:
स्नातक- चतुर्थ- वर्ष:

ङ. श्रीमद्भगवद्गीतायाः कर्मयोगः

श्रीमद्भगवद्गीता विश्वस्य सर्वश्रेष्ठं दार्शनिकं काव्यं मन्यते। अस्याः तृतीयः अध्यायः पूर्णतः 'कर्मयोगाय' समर्पितः अस्ति। कुरुक्षेत्रस्य युद्धभूमौ यदा अर्जुनः मोहग्रस्तः भूत्वा स्वकर्तव्यात् विमुखः अभवत्, तदा भगवान् श्रीकृष्णः तस्मै निष्काम-कर्मयोगस्य उपदेशं दत्तवान्।
कर्मणः अपरिहार्यता
गीतानुसारं कोऽपि मनुष्यः क्षणमपि कर्म अकृत्वा स्थातुं न शक्नोति। प्रकृतिजैः गुणैः (सत्त्व-रज-तमोभिः) परवशः सन् सर्वोऽपि जनः कर्मणि प्रवृत्तः भवति। अकर्मण्यता मृत्योः समानं मन्यते। अतः
श्रीकृष्णः कथयति—

"नियतं कुरु कर्म त्वं कर्म ज्यायो ह्यकर्मणः।"
(त्वं निरन्तरं स्वकर्तव्यं कुरु, यतः अकर्मणः अपेक्षया कर्म श्रेष्ठं भवति।)

निष्काम कर्मयोगस्य सिद्धान्तः-
कर्मयोगस्य मुख्यः सन्देशः अस्ति—'निष्कामता'। यदा वयं फलस्य आशां विना केवलं कर्तव्यबुद्ध्या कर्म कुर्मः, तदा तत् कर्मयोगः भवति। गीतायाः सुप्रसिद्धः श्लोकः अस्ति:

"कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥"

अस्य अर्थः अस्ति यत् कर्मणि एव तव अधिकारः अस्ति, फले कदापि मा अस्तु। मनुष्यः फलस्य हेतुः मा भवतु, अकर्मणि च तव आसक्तिः मा अस्तु। यदा कर्ता स्वं 'निमित्तमात्रं' मत्वा कर्म करोति, तदा सः बन्धनात् मुक्तः भवति।

“योगः कर्मसु कौशलम्”

श्रीकृष्णः कर्मयोगं परिभाषितुं कथयति—"योगः कर्मसु कौशलम्"। अर्थात् कर्मसु कुशलता एव योगः अस्ति। अत्र कुशलतायाः तात्पर्यं अस्ति यत् कर्म कुर्वन् अपि तस्य फले लिप्सितः न भवेत्। समत्वभावः (सफलतायां विफलतायां च समानः स्थितिः) एव योगस्य परमं लक्षणम् अस्ति।
लोकसङ्ग्रहः
कर्मयोगी केवलं स्वार्थाय न जीवति। सः 'लोकसङ्ग्रहार्थम्' (समाजकल्याणाय) कर्म करोति। यथा भगवान् श्रीकृष्णः स्वयम् अपूर्णः नास्ति, तथापि सः जगत्-कल्याणाय निरन्तरं कर्म करोति, तथैव अस्माभिः अपि समाजस्य उन्नत्यै स्वधर्मस्य पालनं करणीयम्।

उपसंहारः

अतः गीतायाः कर्मयोगः अस्मान् पलायनवादं न शिक्षयति, अपितु जीवनस्य सङ्घर्षेषु धैर्येण सह कर्तव्यपालनस्य प्रेरणां ददाति। वर्तमानयुगे अपि मानसिकशान्तये तथा च राष्ट्रोन्नतये कर्मयोगः एव सर्वोत्तमः मार्गः अस्ति।

शगुन सिंह
स्नातक- तृतीय- वर्ष:

च. भारतीय-ज्ञान-परम्परायां योगसूत्रस्य महत्त्वम्

भारतीय-ज्ञान-परम्परायां 'योगदर्शनम्' एकं महत्त्वपूर्णं अङ्गं वर्तते। महर्षिणा पतञ्जलिना विरचितं 'योगसूत्रम्' अस्माकं मानसिक-शारीरिक-स्वास्थ्यस्य आधारभूतः ग्रन्थः अस्ति। एषः ग्रन्थः केवलं धार्मिकः न, अपितु मनोवैज्ञानिकः वैज्ञानिकश्च अस्ति।
योगसूत्रस्य प्रथमे अध्याये एव पतञ्जलिः योगं परिभाषितवान्—

"योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः॥" (योगसूत्रम् १.२)

अस्य अर्थः अस्ति—चित्तस्य (मनसः) वृत्तीनां निरोधः एव योगः। आधुनिके युगे यदा मानसिक-तनावः वर्धते, तदा एषः सिद्धान्तः अतीव आवश्यकः अस्ति।
अष्टाङ्गयोगः -
पतञ्जलिः ज्ञानप्राप्तये अष्टाङ्गयोगस्य मार्गं प्रदर्शितवान्। एते अष्टौ अङ्गानि सन्ति—
यमः (Moral codes)
नियमः (Self-discipline)
आसनम् (Postures)
प्राणायामः (Breath control)
प्रत्याहारः (Withdrawal of senses)
धारणा (Concentration)
ध्यानम् (Meditation)
समाधिः (Self-realization)

योगसूत्रस्य प्रासङ्गिकता-
अद्यतनसमाजे 'योगसूत्रं' जीवनप्रबन्धनस्य उत्तमं साधनं अस्ति। यदा वयं "स्थिरसुखमासनम्" इति पठामः, तदा वयम् अनुशासनं शिक्षामः। योगः न केवलं शरीरं स्वस्थं करोति, अपितु एकाग्रतां वर्धयति। एषा पद्धतिः भारतीयशिक्षणतन्त्रे 'मनःशुद्धिं' कर्तुं प्रयुज्यते स्म।
अतः वयं वक्तुं शक्नुमः यत् भारतीयज्ञानपरम्परायां योगसूत्रं एकं रत्नम् अस्ति। यदि वयं 'योगसूत्रस्य' पालनां कुर्मः, तर्हि वयं न केवलं वैयक्तिकं विकासं साधयामः, अपितु विश्वशान्तिं अपि स्थापयितुं समर्थाः भवेम।

मुस्कान चौबे
स्नातक- तृतीय-वर्षः

छ. राष्ट्रनिर्माणस्य संदर्भे यूनां भूमिका

समकालीनसमाजे यूनां भूमिका अत्यन्तं महत्वपूर्णा मन्यते, विशेषतः राष्ट्रनिर्माणस्य सन्दर्भे। भारतीयसंस्कृतपरम्परायामपि युवानः राष्ट्रस्य आधारशिलारूपेण दृष्टाः सन्ति। प्राचीनग्रन्थेषु, यथा वेदेषु, उपनिषत्सु, महाभारते, रामायणे च, युवाशक्तिः, कर्तव्यनिष्ठा, त्यागः, अनुशासनम्, राष्ट्रसेवा च अत्यधिकं महत्त्वं प्राप्नुवन्ति।

संस्कृतपरम्परानुसारं— "उद्यमेन हि सिद्ध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः" इति। अस्य अर्थः यत् केवलैः इच्छाभिः न, अपितु परिश्रमेण प्रयत्नेन च कार्याणि सिद्ध्यन्ति। अयं श्लोकः युवानः कर्मशीलान् सक्रियान् च भवितुं प्रेरयति, यत् राष्ट्रनिर्माणस्य मूलाधारः अस्ति।

तथैव **"कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन"** (भगवद्गीता) इति सिद्धान्तः अपि युवानः निःस्वार्थभावेन स्वकर्तव्यपालनाय प्रेरयति। यदा युवानः स्वकर्तव्यं निष्ठया समर्पणेन च निर्वहन्ति, तदा राष्ट्रं सुदृढं समृद्धं च भवति। संस्कृतपरम्परायां शिक्षायाः (विद्यायाः) अत्यन्तं महत्त्वं अस्ति— **"विद्या ददाति विनयं, विनयाद् याति पात्रताम्"** इति। शिक्षिताः संस्कारिताः च युवानः एव समाजे नैतिकतां, अनुशासनं, सदाचारं च स्थापयन्ति। एतत् राष्ट्रस्य नैतिकसांस्कृतिकविकासाय अनिवार्यम् अस्ति। अतिरिक्तरूपेण, प्राचीनभारतीयपरम्परा "वसुधैव कुटुम्बकम्" इति सन्देशं ददाति, यः समस्तं विश्वं एकं कुटुम्बं मन्यते।

आरात्रिका गुप्ता
स्नातक- चतुर्थ-वर्ष:

ज. योगसूत्रस्य भारतीयदर्शनेषु योगदानं

भारतीय-ज्ञानपरम्परा अत्यन्तं प्राचीनाऽस्ति, या वेद, उपनिषद्, दर्शनशास्त्र, स्मृतिग्रन्थाः च समन्वितरूपेण विकसिताऽस्ति। अस्यां परम्परायां आत्मज्ञानं, मोक्षप्राप्तिः, चित्तशुद्धिः च प्रमुखलक्ष्यरूपेण स्वीक्रियन्ते। एतस्मिन् सन्दर्भे योगसूत्र विशेषमहत्त्वं धारयति।

योगसूत्रं महर्षिणा पतञ्जलि प्रणीतं सूत्रग्रन्थः अस्ति। अस्मिन् ग्रन्थे चतुर्धा विभागः अस्ति—

- समाधिपादः
- साधनपादः
- विभूतिपादः
- कैवल्यपादः

एतेषु पादेषु योगस्य सिद्धान्ताः, साधनानि, चित्तवृत्तिनिरोधस्य उपायाः च प्रतिपादिताः।
योगसूत्रस्य प्रमुखवाक्यम्— **"योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः"** इति।
अस्य अर्थः—चित्तस्य चञ्चलवृत्तीनां निरोधः एव योगः।
अयं सिद्धान्तः भारतीयदर्शनस्य आधारभूतः, यतः मनोनिग्रहः एव आत्मज्ञानस्य प्रथमं साधनम्।
योगसूत्रे अष्टाङ्गयोगः प्रतिपादितः—
यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधिः।
एषः मार्गः केवलं शारीरिकव्यायामः न, अपितु नैतिक, मानसिक, आध्यात्मिक उन्नतये समग्रमार्गः अस्ति।
योगसूत्रस्य भारतीयदर्शनेषु अतीव योगदानम् अस्ति। योगसूत्रं सांख्यदर्शनस्य सहचरीरूपेण कार्यं करोति। अस्य प्रभावः वेदान्त, बौद्ध, जैनदर्शनादिषु अपि दृश्यते। अतः एतत् ग्रन्थं भारतीय-दार्शनिकपरम्परायाः सेतु इव मन्यते।
योगसूत्रं केवलं सैद्धान्तिकग्रन्थः न, किन्तु व्यवहारिकमार्गदर्शकः अपि अस्ति।
अस्य माध्यमेन—
आत्मसंयमः, मानसिकशान्तिः, मोक्षप्राप्तिः इत्यादीनि साध्यन्ते। योगसूत्रस्यआधुनिकसन्दर्भे अतीव प्रासंगिकता अस्ति। आधुनिकजीवने तनावः, अशान्तिः, मानसिकदबावः च वर्धन्ते।
योगसूत्रस्य उपदेशाः—ध्यानम्, प्राणायामः, चित्तनिग्रहः—एतानि सर्वाणि समस्याः निवारयितुं अत्यन्तं उपयोगिनि सन्ति।

अंजलि राजवंशी
स्नातक-तृतीय-वर्षः

झ. स्वस्थजीवनशैल्यां यूनां योगदानम्

आयुर्वेदचरकसंहितायाः दृष्ट्या
स्वास्थ्यं नाम मानवजीवनस्य परमं धनम् अस्ति। स्वस्थजीवनशैली शरीरिकमानसिकसामाजिकसम्यकस्थितेः आधारः भवति। भारतीयज्ञानपरम्परायां आयुर्वेदः स्वस्थजीवनस्य वैज्ञानिकं मार्गदर्शनं प्रददाति। समकालीनसमाजे युवानां स्वस्थजीवनप्रचारणे महत्वपूर्णं योगदानं दृश्यते।
आयुर्वेदे स्वास्थ्यस्य परिभाषा चरक- संहिता मध्ये स्पष्टतया उक्ता अस्ति–
"समदोषः समाग्निश्च समधातुमलक्रियः।
प्रसन्नात्मेन्द्रियमना स्वस्थ इत्यभिधीयते॥"
अस्य श्लोकस्य अर्थः अस्ति यत् यस्य शरीरस्य दोषाः, अग्निः, धातवः, मलक्रिया च सम्यक् सन्ति तथा मनः आत्मा इन्द्रियाणि च प्रसन्नानि सन्ति, सः एव स्वस्थः इति कथ्यते।
आयुर्वेदानुसारं दिनचर्या, ऋतुचर्या, संतुलिताहारः, योगाभ्यासः, व्यायामः च स्वास्थ्यरक्षणस्य मुख्याः आधाराः सन्ति। अद्यतनयुगे युवानः एतान् सिद्धान्तान् स्वजीवने स्वीकृत्य समाजे स्वास्थ्यजागरूकतां प्रसारयन्ति।
चरकसंहितायां व्यायामस्य महत्त्वम् अपि वर्णितम् अस्ति–
"लाघवं कर्मसामर्थ्यं दीप्तोऽग्निर्मेदसः क्षयः।
विभक्तघनगात्रत्वं व्यायामादुपजायते॥"
अर्थात् व्यायामेन शरीरं लघु भवति, कार्यक्षमता वर्धते, पाचनशक्तिः सुदृढा भवति तथा स्वास्थ्यं संवर्धते।
युवावर्गः योगस्य, आयुर्वेदिकजीवनशैलस्य, प्राकृतिकाहारस्य च प्रचारं कृत्वा अस्वास्थ्यकरजीवनशैलीं निवारयितुं समर्थः भवति। सामाजिकमाध्यमेषु अपि युवानः स्वास्थ्यसम्बद्धज्ञानस्य प्रसारं कुर्वन्ति। मानसिकस्वास्थ्यरक्षणे अपि आयुर्वेदः सत्सङ्गं, संयमं, सकारात्मकचिन्तनं च आवश्यकं मन्यते। एते गुणाः युवाभिः समाजे स्थापिताः भवन्ति।
अतः ज्ञायते यत् आयुर्वेदस्य सिद्धान्तान् अनुसृत्य युवाशक्तिः स्वस्थसमाजस्य निर्माणे प्रमुखं योगदानं ददाति। स्वस्थाः युवानः एव सुदृढस्य राष्ट्रस्य निर्मातारः भवन्ति।

हर्षिता

स्नातक- चतुर्थ- वर्ष:

शिवांगी कुलश्रेष्ठ | स्नातकतृतीयवर्ष:

Sports Achievers 2025-26

Himanshi
B.A.Sanskrit (H)
District Kabaddi (3rd position)
State Kabaddi (1st position)

Fiza Banno
B.A. prog
District Kabaddi (3rd position)

Megha Rawat
B.A. prog (Geo & Pol)
Inter-collage - 200m (2nd position)
- 400m (3rd position)
All India University Participant
- (4×400 m) (Relay)
Delhi state annual - 100m (1st position)
- 200m (1st position)
Open Delhi State - 100m (1st position)
Khel Mahakumbh - 400×4 (4th position)

Garima
B.A. Geography(H)
District Kabaddi (3rd position)
Inter-college

Stuti Kumari
B.A. Pol. Science (H)

Sports Achievers 2025-26

Ishu Bhadana
B.Sc.(H) Physics District Kabaddi (3rd position)

Shalini Maurya
B.A. Prog. (Geo & Pol)
Inter-college 5000m (4th position)
Khel Mahakubhh 3000m (1st position)

Shaniya
B.A. Hindi (H)
District Kabaddi (3rd position)
State Kabaddi (1st position)
Inter-college boxing (3rd position) Inter-college Kabaddi (4th position)

Kajal
B.A. (Hons.) Journalism Inter-college Judo(2nd position)
Inter-college Boxing (2nd position)
Inter-college Handball (4th position)

Sakshi
B.A. Pol. Science(H)
District Kabaddi (3rd position)
Inter-college (4th position) IIS
Rajdhani Judo Championship 2025-26 (3rd position)

Sports Achievers 2025-26

Parul Yadav
Bsc CS
District Kabaddi (3rd position)
State Kabaddi (1st position)
Inter-college (4th position)

Anjali Kumari
Bsc Physical Science with CS
District Kabaddi (3rd position)

Kalpana
B.A. History (Hons.)
All India Inter University (NZ) participant (Handball)
Inter-collage Handball - 4th position

Khushi
B.A. Prog. (Hist & Pol)
District Kabaddi (3rd position)

Nishitha T. R.
B.A. Hons. (History)
District Kabaddi (3rd position)

Sports Achievers 2025-26

Sakshi
B.A. Prog(Geo & Pol)
Inter-college (3rd position)

Neha
B.A. Hons(Hindi)
Inter-college (RW) 20,000m (2nd position)
Delhi state (RW) 10000m (3rd position)

Sunanda Kumari
B.A. Prog. (Geo & Pol)
Inter-college 20,000m (1st position) (RW)

Garima
B.A. Geography(H)
District Kabaddi (3rd position)
Inter-college

Tripty Pandey
B.Sc. Physical Science with CS